Simple Notes on

Rainbow

कक्षा 7



Rastogi Prakashan

Nichi Bagh, Varanasi

Scanned by CamScanner

CONTENTS

Lesson	Page no.
1. The Magic Porridge Pot	3
2. The Giving Tree	7
3. My Village	11
4. A Letter To Grandmother	13
5. The Lazy Ones	16
6. Make Me A Promise Dad	20
7. The Proud Stag	22
8. Know Your Country	24
9. The Moon	28
10. Mr Garbage And Mrs. Polythene	29
11. Don't Give Up	33
12. Harish Chandra, The Great	35
13. The Camel's Hump	39
14. A Journey Through Space	42
15. Kabir	44

Printed at

Modern Deepak Press, Nadesar, Varanasi.

© Publishers

Scanned by CamScanner

1 The Magic Porridge Pot

***Para* 1 : Once there..Stop-Top-Stop?**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Once (वन्स) = एक बार, **little** (लिटिल) = छोटी, **girl** (गर्ल) = लड़की, **named** (नेम्ड) = नाम था, **she** (शी) = वह, **mother** (मदर) = माँ, **very** (वेरी) = बहुत, **poor** (पुअर) = गरीब, **one day** (वन डे) = एक दिन, **went** (वेन्ट) = गया, **forest** (फॉरेस्ट) = जंगल, **old** (ओल्ड) = बूढ़ी, **met** (मेट) = मिली, **gave** (गेव) = दिया, **pot** (पॉट) = बर्तन, **said** (सेड) = कहा, **magic** (मैजिक) = जादू, **cook** (कुक) = पकाना, **porridge** (पोरिज) = दलिया, **when** (ह्वेन) = जब, **say** (से) = कहना, **stop** (स्टॉप) = रोकना।

हिन्दी अनुवाद—एक बार तारा नाम की एक लड़की थी। वह अपनी माता के साथ रहती थी। वे बहुत गरीब थीं। एक दिन वह जंगल में गयी। वहाँ वह बूढ़ी महिला से मिली। बूढ़ी महिला ने उसे एक बर्तन दिया। उसने कहा यह जादू का बर्तन है। जब तुम इससे कहोगी कि खाना पकाओ, बर्तन खाना बनाओ तो यह तुम्हारे लिए दलिया पकाएगा। जब तुम कहोगी कि बर्तन रुक जाओ तो वह दलिया बनाना रोक देगा।

***Para* 2 : Tara was..ate porridge.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Happy (हैप्पी) = खुश, **ran** (रैन) = दौड़कर गयी, **no longer** (नो लांगर) = अधिक समय, **hungry** (हंग्री) = भूखा, **got** (गॉट) = पाया, **cooked** (कुक्ड) = पकाया, **both** (बोथ) = दोनों।

हिन्दी अनुवाद—तारा बहुत खुश हुई। वह अपनी माँ के पास दौड़कर आयी और बोली, "माँ अब हमें अधिक भूखा नहीं रहना पड़ेगा क्योंकि मुझे एक जादू का बर्तन मिल गया है।"

तारा ने कहा, "बर्तन खाना पकाओ" और बर्तन ने दलिया पकाई। उसकी माँ बहुत खुश हुई तथा दोनों दलिया खाने लगीं।

***Para* 3 : One day..did not stop.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—One day (वन डे) = एक दिन, **when** (ह्वेन) = जब, **gone out** (गॉन आउट) = बाहर गया, **felt** (फेल्ट) = आभास हुआ, **started** (स्टार्टेड) = आरम्भ किया, **after** (आफ्टर) = बाद में, **eating** (ईटिंग) = खाने के, **forgot** (फारगॉट) = भूल गयी, **correct** (करेक्ट) = सही, **word** (वर्ड) = शब्द, **but** (बट) = लेकिन, **soon** (सून) = जल्दी, **started** (स्टार्टेड) = शुरू हुआ, **spilling** (स्पिलिंग) = बहना, **floor** (फ्लोर) = फर्श, **called** (काल्ड) = कहा, **again** (अगेन) = फिर से, **wait** (वेट) = प्रतीक्षा, **any more** (एनी मोर) = और अधिक।

हिन्दी अनुवाद—एक दिन, जब तारा बाहर गयी थी, उसकी माँ को भूख लगी। उसने बर्तन से कहा, "बर्तन खाना बनाओ।" बर्तन ने दलिया बनाना आरम्भ किया। इसे खाने के बाद उसकी माँ सही शब्द कहना भूल गयी तथा उसने कहा, "बर्तन अब नहीं पकाओ।" लेकिन बर्तन खाना पकाता रहा। जल्दी ही दलिया जमीन पर बहने लगा। माँ ने फिर से कहा—"रुको, अब ज्यादा मत पकाओ, लेकिन बर्तन रुका नहीं।"

Scanned by CamScanner

Para **4 : Mother ran...she could.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—House (हाउस) = घर, **followed** (फॉलोड) = अनुसरण किया, **everywhere** (एवरी ह्वेयर) = चारों ओर, **whole** (होल) = पूरा, **village** (विलेज) = गाँव, **saw** (सा) = देखा, **road** (रोड) = सड़क, **full** (फुल) = भरा, **as fast as** (ऐज फास्ट ऐज) = जितनी जल्दी हो सके।

हिन्दी अनुवाद—माँ घर के बाहर भागी तथा दलिया उसका पीछा करने लगा। जल्दी ही चारों ओर दलिया ही दलिया फैल गया! पूरे गाँव ने इसे देखा। वे दलिया खाने दौड़ पड़े। जब तारा वापस आयी, उसने यह देखा कि सड़क दलिया से भरी है। वह जितनी तेज दौड़ सकती थी, घर की ओर दौड़ी।

Para **5 : She heard...cooking porridge.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Heard (हर्ड) = सुना, **shout** (शॉउट) = चीखना।

हिन्दी अनुवाद—उसने अपनी माँ के चीखने की आवाज सुनी, "तारा, बर्तन दलिया पका रहा है और रुक नहीं रहा है।"

तारा बोली—"बर्तन रुक जाओ" और उसने दलिया पकाना बन्द कर दिया।

1. **Answer the following questions** (निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए)—

Q. (a) Where did Tara go one day and who met her?
(तारा एक दिन कहाँ गयी थी और उसे कौन मिला?)

Ans. One day Tara went to the forest. She met an old woman.
(एक दिन तारा जंगल गयी थी, वहाँ उसे एक बूढ़ी औरत मिली थी।)

Q. (b) What did the old woman give Tara?
(उसने तारा को क्या दिया?)

Ans. She gave a magic pot to Tara.
(उसने तारा को एक जादुई बर्तन दिया।)

Q. (c) What did the magic pot cook?
(जादू का बर्तन क्या पकाता था?)

Ans. The magic pot cooked porridge.
(जादू का बर्तन दलिया पकाता था।)

Q. (d) Why did the porridge start spilling on the floor?
(दलिया फर्श पर क्यों बहने लगा?)

Ans. Mother forgot the word stop-pot-stop. So the porridge start spilling on the floor.
(माँ 'रुक जाओ बर्तन' कहना भूल गयी इसलिए दलिया फर्श पर बहने लगा।)

2. **Who said to whom** (किसने किससे कहा—)

(a) "Do not cook pot." **Mother said to pot.**

(b) This is a magic pot. It will cook porridge for you—**old woman said to Tara.**

Scanned by CamScanner

(c) "Wait, do not cook any more"—Mother said to pot. Tara

(d) Stop-Pot-Stop — **Tara said to pot.**

• Word Power

Write a paragraph on how to make tea? Take the hints and write about it.

चाय बनाने पर एक अंश लिखो, संकेत लेकर लिखो—

Ans. 1. Take ~~some water in~~ a pot. With water sugar Tea

2. Put ~~some sugar and tea leaves in~~ to it. on the stove

3. Boil it ~~on the stove~~. with

4. Add milk **into prepared tea.**

5. Boil again **& again.**

6. The ~~delicious~~ **tea** is ready.

Fill in the blanks with suitable word from box.

(बॉक्स में दिये उपयुक्त शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरो।)

started, went, cooked, gave, stopped.

Ans. One day Tara **went** to a forest. There an old woman **gave** Tara a magic pot. The pot **cooked** porridge when some one said, 'Cook-Pot-Cook'. It **stopped** cooking if some one said Stop-Pot-Stop. Tara and her mother **started** cooking porridge and did not go hungry.

• Language Practice (भाषा अभ्यास)

Fill in the blanks with a, an or the.

(रिक्त स्थानों में a, an या the भरिये।)

Ans. Once there was **a** king. He had **a** beautiful garden. **The** garden had **an** apple tree, orange tree and **a** mango tree. **In the** garden children used to play. **The** king was very happy to see children.

Study the given questions and their answers beginning with 'when' and 'which'.

(निम्नलिखित प्रश्नों तथा उत्तरों का अध्ययन करिये।)

When

Q. 1 When were you born?

(तुम्हारा जन्म कब हुआ?)

Ans. I was born on 12th August 1998.

(मेरा जन्म 12 अगस्त 1998 को हुआ था।)

Q. 2 When do you get up?

(तुम कब सो कर उठते हो?)

Ans. I get up at 6.00 a.m.

(मैं सुबह 6 बजे उठता हूँ)

Scanned by CamScanner

Q. 3 When did India became free?
(भारत कब स्वतंत्र हुआ?)

Ans. India became free on 15th August 1947.
(भारत 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र हुआ।)

Which

Q. 1 Which colour do you like?
(तुम्हें कौन-सा रंग पसन्द है?)

Ans. I like red colour.
(मुझे लाल रंग पसन्द है।)

Q. 2 Which book is yours?
(तुम्हारी कौन-सी किताब है?)

Ans. The book on the table is mine.
(टेबुल पर रखी किताब मेरी है।)

Q. 3 Which game are they play?
(वे क्या खेल खेलते हैं?)

Ans. They are playing Volleyball.
(वे वॉलीबाल खेल रहे हैं।)

Frame questions with 'when' or 'which' to get given sentences as answers—
(निम्न वाक्यों को उत्तर के रूप में पाने के लिए when या which से प्रश्न बनाओ।)

1. **We play in the evening.**

Q. When do we play?

2. **I go to school at 7.30 in the morning.**

Q. When do you go to school?

3. **The pot cooked when one said Cook-Pot-Cook.**

Q. Which cooked when one said Cook-Pot-Cook?

4. **The pot stopped when one said Stop-Pot-Stop.**

Q. Which stopped when one said Stop Pot Stop?

5. **Mango juice is my favourite drink.**

Q. Which juice is your favourite drink?

6. **We get up early in the morning.**

Q. When do we get up?

7. **I like Cricket the most.**

Q. Which game do you like most?

8. **She likes pink colour.**

Q. Which colour she likes?

Which of the following actions would make others happy/unhappy. Write in your notebook.
कौन-सा कार्य आपको प्रसन्न करता है, कौन-सा नहीं करता है? अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखो।

Scanned by CamScanner

Happy प्रसन्न

1. Respecting elders.
2. Being polite.
3. Watching television all day.
4. Playing with friends.
5. Caring for pets.
6. Being honest.
7. Visiting a sick friend.

Unhappy अप्रसन्न

1. Being greedy.
2. Getting angry easily.
3. Not saying thank you.
4. Not sharing.
5. Telling lies.

2 The Giving Tree

***Para* 1 : Once there...its shade.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Once (वन्स) = एक बार, **tree** (ट्री) = पेड़, **loved** (लव्ड) = प्रेम करता था, **little** (लिट्टिल) = छोटा, **boy** (ब्वाय) = लड़का, **visit** (विजिट) = जाता था, **enjoy** (इन्जॉय) = आनन्द करना, **company** (कम्पनी) = साथ, **scene** (सीन) = दृश्य, **here** (हीयर) = यहाँ, **climb** (क्लाइम्ब) = चढ़ना, **trunk** (ट्रंक) = तना, **swing** (स्विंग) = झूलना, **branches** (ब्रान्चेज) = शाखाओं, **fun** (फन) = आनन्द, **hungry** (हंग्री) = भूख, **eat** (ईट) = खाना, **apple** (एप्पल) = सेब, **delicious** (डिलीशियस) = स्वादिष्ट, **tired** (टायर्ड) = थक गया, **slept** (स्लेप्ट) = सो गया, **under** (अण्डर) = नीचे, **give** (गिव) = देना, **shade** (शेड) = छाया।

हिन्दी अनुवाद—एक समय एक पेड़ था जो एक लड़के से प्रेम करता था। प्रत्येक दिन लड़का उसके पास जाता था तथा उसके साथ आनन्द करता था।

दृश्य - 1

पेड़—मेरे बच्चे यहाँ आओ। आओ और मेरे तने पर चढ़ जाओ तथा मेरी शाखाओं पर झूलो।

लड़का—(शाखाओं पर झूलते हुए) आह कितना मजा आ रहा है!

पेड़—क्या तुम्हें भूख लगी है? मेरे सेब खा लो।

लड़का (सेब खाते हुए)—कितना स्वादिष्ट है!

जब लड़का थक गया, वह पेड़ के नीचे सो गया। अपनी छाया देकर पेड़ बहुत प्रसन्न हुआ।

दृश्य - 2

***Para* 2 : After some...also happy.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—After (आफ्टर) = कुछ, **year** (ईयर) = वर्ष, **grown** (ग्रोन) = बड़ा हुआ, **big** (बिग) = बड़ा, **play** (प्ले) = खेलना, **want** (वाण्ट) = चाहना, **buy** (बाई) = खरीदना, **money** (मनी) = पैसा, **leaves** (लीव्स) = पत्तियाँ, **pluck** (प्लक) = तोड़ना, **sell** (सेल) = बेचना, **market**

Scanned by CamScanner

(मार्केट) = बाजार, **happily** (हैप्पिली) = खुशी से, **carried** (कैरीड) = ले गया, **away** (अवे) = दूर, **also** (आलसो) = भी।

हिन्दी अनुवाद—

(कुछ वर्षों बाद लड़का बड़ा हो गया।)

पेड़—आओ लड़के आओ और खेलो तथा मेरे ऊपर चढ़ जाओ तथा मेरी शाखाओं से झूलो।

लड़का—मैं अब बहुत बड़ा हो गया हूँ। मैं चीजें खरीदना चाहता हूँ तथा आनन्द करना चाहता हूँ। मैं कुछ पैसा चाहता हूँ।

पेड़—मेरे पास केवल कुछ पत्तियाँ तथा सेब हैं। तुम मेरे सेब तोड़ सकते हो तथा इसे बाजार में बेच सकते हो। तब तुम्हें कुछ पैसे मिलेंगे। लड़के ने खुशी से सेबों को तोड़ा तथा उसे ले गया। पेड़ भी बहुत खुश हुआ।

दृश्य - 3

***Para* 3 : The boy..very happy.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Get married (गेट मैरीड) = विवाह करना, **busy** (बिजी) = व्यस्त, **need** (नीड) = जरूरत है, **house** (हाउस) = घर, **wife** (वाइफ) = पत्नी, **children** (चिल्ड्रेन) = बच्चे, **cut off** (कट ऑफ) = काटना, **build** (बिल्ड) = बना लो।

हिन्दी अनुवाद—

(कुछ वर्षों बाद लड़का आया तथा वह शादी करना चाहता था।)

पेड़—आओ लड़के आओ, मेरे तने पर चढ़ जाओ, मेरी शाखा से झूलो, मेरे सेब खाओ, मेरी छाया में खेलो तथा खुश हो जाओ।

लड़का—मैं पेड़ पर चढ़ने में व्यस्त हूँ। मैं शादी करना चाहता हूँ तथा मुझे अपनी पत्नी तथा बच्चों के लिए घर की आवश्यकता है। क्या तुम मुझे घर दे सकते हो?

पेड़—मेरे पास घर नहीं है लेकिन मेरी शाखा को काट सकते हो और अपना घर बना सकते हो।

इसलिए लड़के ने उसकी शाखाओं को काटा और घर बनाने के लिए ले गया। पेड़ बहुत खुश था।

दृश्य - 4

***Para* 4 : The boy comes back..................................left alone.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Again (अगेन) = फिर से, **young** (यंग) = जवान, **business** (बिजिनेस) = व्यापारिक, **trip** (ट्रिप) = यात्रा, **boat** (बोट) = नाव, **give** (गिव) = देना, **then** (देन) = तब, **sail** (सेल) = नाव चलाना, **left** (लेफ्ट) = छोड़ गया, **alone** (एलोन) = अकेले।

हिन्दी अनुवाद—

(लड़का जवान होकर व्यापारिक यात्रा पर जाने के लिए फिर वापस आया।)

पेड़—आओ लड़के आओ, मैं तुम्हारे लिए क्या कर सकता हूँ?

जवान आदमी—मैं व्यापारिक यात्रा पर जा रहा हूँ। मैं दूर जाने के लिए एक नाव चाहता हूँ। क्या तुम मुझे नाव दे सकते हो?

Scanned by CamScanner

पेड़—ठीक है मेरे पास केवल तना है। मेरे तने को काट कर नाव बना लो। तब तुम नाव चलाकर दूर जा सकते हो।

जवान आदमी ने पेड़ का तना काट दिया और नाव बनाई। वह नाव चला कर दूर चला गया। पेड़ को अकेले छोड़ गया।

दृश्य - 5

***Para* 5 : After a long..him something.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Long time (लाँग टाइम) = लम्बे समय, **old man** (ओल्ड मैन) = बूढ़ा, **recognises** (रिकॉग्नाइजेज) = पहचानना, **sorry** (सॉरी) = दुःखी, **friend** (फ्रेण्ड) = मित्र, **nothing** (नथिंग) = कुछ नहीं, **left** (लेफ्ट) = बचा, **gone** (गॉन) = गये, **teeth** (टीथ) = दाँतों, **week** (वीक) = कमजोर, **shighing** (शाइंग) = लम्बी साँस लेना, **wish** (विश) = इच्छा, **stump** (स्टम्प) = तना, **dear** (डियर) = प्यारे, **alot** (एलॉट), = ढेर-सा, **quiet** (क्वाइट) = शान्त, **place** (प्लेस) = स्थान, **sit** (सिट) = बैठना, **rest** (रेस्ट) = आराम, **good** (गुड) = अच्छा, **because** (बिकॉज) = क्योंकि, **provide** (प्रोवाइड) = उपलब्ध करना।

हिन्दी अनुवाद—लम्बे समय बाद जवान आदमी वापस आया। अब वह बूढ़ा हो गया था लेकिन पेड़ ने उसे पहचान लिया।

पेड़—मुझे दुःख है मित्र, मेरे पास तुम्हें देने के लिए कुछ भी नहीं बचा है। मेरे सेब भी खत्म हो गये हैं।

बूढ़ा आदमी—मेरे दाँत सेब खाने के लिए कमजोर हैं।

पेड़—मेरी शाखाएँ खत्म हो गयी हैं। तुम उन पर झूल नहीं सकते हो।

बूढ़ा आदमी—मैं शाखाओं पर झूलने के लिए बहुत बूढ़ा हो गया हूँ।

पेड़—मेरा तना भी खत्म हो गया है। तुम चढ़ नहीं सकते।

बूढ़ा आदमी—मैं चढ़ने में थक जाता हूँ।

पेड़ (लम्बी साँस लेकर)—मैं दुःखी हूँ। मैं चाहता हूँ कि तुम्हें कुछ चीजें दे दूँ, परन्तु मेरे पास देने लायक कुछ नहीं बचा है। मैं अब एक पुराने कटे तने की तरह हूँ।

बूढ़ा आदमी—प्रिय पेड़, तुमने मुझे हमेशा बहुत कुछ दिया है। लेकिन अब मुझे अधिक नहीं चाहिए। केवल एक शान्त स्थान बैठने तथा आराम करने के लिए चाहिए।

पेड़ (खुशी से)—ठीक है, एक पुराना कटा तना बैठने तथा आराम करने के लिए अच्छा है। आओ, मित्र बैठो तथा आराम करो।

बूढ़े आदमी ने वैसा ही किया। पेड़ प्रसन्न था क्योंकि अभी भी वह उसके लिए कुछ कर सकता था।

1. Answer the following questions (निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए)—

Q. 1. How did boy enjoy the company of the tree?
(पेड़ के साथ बालक कैसे आनन्द करता था?)

Ans. They swing from branches, ate apples and slept under his shed. So he enjoyed the company of tree.
(बालक उसकी शाखाओं से झूलता था, सेब खाता था, उसकी छाया में सो जाता था। इस तरह पेड़ के साथ वह आनन्द उठाता था।)

Scanned by CamScanner

Q. 2. How did the tree help the boy to earn money?
(बालक को पैसा कमाने के लिए पेड़ ने कैसे मदद दी ?)

Ans. Tree gave apple to earn money.
(पेड़ ने पैसा कमाने के लिए सेब दिया।)

Q. 3. Why did the boy cut the branches of the tree?
(बालक ने पेड़ की शाखाएँ क्यों काटीं ?)

Ans. Boy cut the branches of tree to build his house.
(बालक ने अपना घर बनाने के लिए पेड़ की शाखाएँ काटीं।)

Q. 4. What did the boy make with the trunk of the tree?
(बालक ने पेड़ के तने से क्या बनाया ?)

Ans. Boy made boat with the trunk of the tree.
(बालक ने पेड़ के तने से नाव बनाई।)

Q. 5. How was the stump of the tree useful to him?
(पेड़ का पुराना कटा तना कैसे उपयोगी था ?)

Ans. It was good for sitting and resting an old man.
(यह एक बूढ़े आदमी के बैठने तथा आराम करने के लिए उपयोगी था।)

Q. 6. Why is the play called 'The Giving Tree'?
(नाटक का नाम 'देने वाला पेड़' क्यों पड़ा ?)

Ans. The play named the 'The Giving Tree' because the tree always provided many things to boy everytime.
(इस नाटक का नाम 'देने वाला पेड़' इसलिए पड़ा क्योंकि सभी अवसरों पर पेड़ ने बालक को कुछ न कुछ दिया।)

• Lets Talk

Q. 1 Why should we not cut tree?
(हमें पेड़ क्यों नहीं काटना चाहिए ?)

Ans. Tree gives us fresh air, fruits, wood, shade and shelter.
(पेड़ हमें साफ हवा, फल, लकड़ी, छाया तथा आवास देते हैं।)

Q. 2 How do you feel when you help someone?
(जब तुम किसी की सहायता करते हो तो कैसा लगता है ?)

Ans. We feel happy when we help anyone.
(जब हम किसी की सहायता करते हैं तो हमें प्रसन्नता प्राप्त होती है।)

Q. 3 How do you feel when you share your things with others?
(जब तुम किसी से अपनी चीजें बाँटते हो तो कैसा लगता है ?)

Ans. We feel happy when we share our things with others.
(जब अपनी चीजें दूसरों के साथ बाँटते हैं तो हमें खुशी होती है।)

• Word Power

मानव तथा पेड़ समान हैं। वे सभी बढ़ते हैं, खाते हैं, जीवित रहते हैं तथा मर जाते हैं। यहाँ कुछ शब्द हैं, इन्हें सही स्तम्भ में रखो—

leaves, legs, hands, stems, heart, roots, seeds, eyes, fruits, head.

Scanned by CamScanner

Man
1. Legs, 2. hands
3. heart, 4. eyes
5. head

Trees
1. Leaves, 2. stems
3. roots, 4. seeds
5. fruits

• Language Practice (भाषा अभ्यास)

नाटक पढ़ने के बाद इसके आधार पर निम्नलिखित शीर्षक में कुछ वाक्य लिखो—

Trees need	Trees gives	Why should we not cut trees
1. Water	Rain	It help to made rain.
2. Bad air	Fresh air	It gives us fresh air to breath.
3. Care	Fruit, wood shade	It gives'us fruits, woods, shade.

Now, fill have/has/haven't/hasn't where necessary.

नोट : **Singular subject** के साथ **has** तथा **plural subject** के साथ **have** का प्रयोग करो।

1. I **have** no brother. My friend **has** two brothers.
2. Do you **have** a car? Hari **has** a scooter.
3. **Have** you eaten your food? Mother **has** cooked it.
4. **Has** the gardener watered the plants? No he **hasn't**.
5. **Have** the students gathered in the hall? No they **haven't**.

3 My Village

***Stanza* 1 : This is my......................................mango trees.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Village (विलेज) = गाँव, **beautiful** (ब्यूटीफुल) = सुन्दर, **sweet** (स्वीट) = मीठा, मधुर, **see** (सी) = देखना, **peacock** (पीकॉक) = मोर, **dancing** (डान्सिंग) = नाचना, **thin** (थिन) = पतला, **slender** (स्लेण्डर) = पतला लम्बा, **feet** (फीट) = पैर, **cuckoo** (कुकू) = कोयल, **sings** (सिंग्स) = गाती है, **merrily** (मेरिली) = आनन्दपूर्वक, **mango** (मैंगो) = आम, **trees** (ट्रीज) = पेड़ों।

हिन्दी अनुवाद—यह मेरा गाँव है जो बहुत ही सुन्दर तथा मधुर है। यहाँ आप अपने पतले लम्बे पैरों पर नाचते हुए मोर को देख सकते हैं। आम के पेड़ पर कोयल आनन्दित होकर गाते हुए दिखाई पड़ती है।

***Stanza* 2 : Children...vicinity.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Children (चिल्ड्रेन) = बच्चे, **play** (प्ले) = खेलते हैं, **happily** (हैप्पिली) = खुशी से, **evening** (इवनिंग) = शाम, **breeze** (ब्रीज) = हवा, **noise** (नॉयज) = शोर, **smoke** (स्मोक) = धुआँ, **city**

Scanned by CamScanner

(सिटी) = शहर, **stand** (स्टैण्ड) = खड़ा, **green** (ग्रीन) = हरा, **vicinity** (विसिनिटी) = पड़ोस।

हिन्दी अनुवाद—शाम की ठंडी हवा में बच्चे खुशी से खेलते हैं, जो शहर के शोर तथा धुआँ-भरे वातावरण से दूर होते हैं। इस वातावरण के पड़ोस में मेरा गाँव हरा-भरा खड़ा है।

1. Answer the following questions. (निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए)—

Q. 1. How does village look like?
(गाँव कैसा दिखता है?)

Ans. Village looks like beautiful and sweet.
गाँव बहुत प्यारा, मधुर तथा सुन्दर दिखता है।

Q. 2. Name the two birds mentioned in this poem?
(इस कविता में उल्लिखित दो पक्षियों के नाम लिखो?)

Ans. Peacock and cuckoo are the two birds mentioned in this poem.
(मोर तथा कोयल नामक दो पक्षी इस कविता में उल्लिखित हैं।)

Q. 3. What do children do in the evening?
(शाम को बच्चे क्या करते हैं?)

Ans. Children play happily in the evening.
(बच्चे शाम को खुशी से खेलते हैं।)

Q. 4. What is the village far from?
(गाँव से क्या दूर है?)

Ans. Noisy and smoky city is far from the village.
(शोरयुक्त तथा धुँआयुक्त शहर गाँव से दूर है।)

Q. 5. Is the village noisy and full of smoke? Why?
(क्या गाँव शोरयुक्त तथा धुएँ से भरा है? क्यों?)

Ans. No, village is not noisy and full of smoke, because there is no traffic and it is full of green.
(नहीं, गाँव शोरयुक्त तथा धुएँ से भरा नहीं है क्योंकि यहाँ यातायात नहीं है तथा यह हरे-भरे वातावरण से युक्त है।)

• Word Power

बॉक्स में दिए गए शब्दों को सही शीर्षक में रखो—

factories, fields, smoke, fresh air, buildings, trees, traffic, river, offices, wells.

City	Village
1. Factories	1. Fields
2. Smoke	2. Fresh air
3. Buildings	3. Trees
4. Traffic	4. River
5. Offices	5. Wells

Scanned by CamScanner

- **Language Practice (भाषा अभ्यास)**

आपका गाँव जैसा दिखता है, दिए गए संकेतों द्वारा लिखिए—

1. Name of the village is Lakhanpur.
2. There are cows, buffalows, goat, peacock, cuckoo, mangoes, guava, neem, pipal trees are in my village.
3. There are bullock cart, bicycle, tractors are seen in my village.
4. Wheat, rice, maze, sugarcane etc. grown in my village.
5. We play Kabaddi, Kushti, Football, Gulli Danda etc.

4 A Letter To Grand Mother

Para 1 : **Some children...................................better with it.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Children (चिल्ड्रेन) = बच्चे, **sitting** (सिटिंग) = बैठे, **class** (क्लास) = कक्षा, **teacher** (टीचर) = शिक्षक, **enter** (इण्टर) = प्रवेश किया, **uniform** (यूनीफार्म) = पोशाक, **today** (टुडे) = आज, **birthday** (बर्थडे) = जन्मदिन, **thank you** (थैंक यू) = धन्यवाद, **look** (लुक) = देखो, **lovely** (लवली) = प्यारा, **gift** (गिफ्ट) = उपहार, **grand mother** (ग्रैण्ड-मदर) = दादी, **sent** (सेण्ट) = भेजा, **nice** (नाइस) = सुन्दर, **good** (गुड) = अच्छा, **gave** (गेव) = दिया, **useful** (यूजफुल) = महत्त्वपूर्ण, **thing** (थिंग) = चीज, **can** (कैन) = संकना, **practice** (प्रैक्टिस) = अभ्यास।

हिन्दी अनुवाद—कुछ बच्चे कक्षा में बैठे हैं। शिक्षक कक्षा में प्रवेश करते हैं।

शिक्षक—मधु, आज तुम अपनी स्कूली पोशाक में क्यों नहीं हो?

मधु—आज मेरा जन्मदिन है।

शिक्षक—मधु, जन्मदिन की बधाई हो।

मधु—धन्यवाद शिक्षक महोदय, देखिये शिक्षक महोदय, मेरी दादी माँ ने मेरे लिए कितना प्यारा उपहार भेजा है।

शिक्षक—ओह, यह प्यारा क्रिकेट सेट है। यह अच्छा है। उन्होंने तुम्हें इतनी उपयोगी चीज दी है।

मधु—हाँ, अब मैं इससे अच्छी तरह खेलने का अभ्यास कर सकती हूँ।

Para 2 : **Teacher—Really...............................on the blackboard.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Really (रियली) = वास्तव में, **perfection** (परफेक्शन) = पूर्णता, **hope** (होप) = उम्मीद, **lives** (लिव्स) = रहती है, **far away** (फार अवे) = बहुत दूर, **write** (राइट) = लिखना, **letter** (लेटर) = पत्र, **know** (नो) = जानना, **please** (प्लीज) = कृपया, **show** (शो) = दिखाना, **learn** (लर्न) = सीखना, **attention** (अटेन्शन) = ध्यान देना, **see** (सी) = देखना, **black board** (ब्लैक बोर्ड) = श्यामपट्ट।

Scanned by CamScanner

हिन्दी अनुवाद—शिक्षक—वास्तव में, कैप्टन के पास एक सेट अभ्यास करके पूर्णता प्राप्त करने के लिए रहना आवश्यक है। मुझे आशा है इस प्यारे उपहार के लिए तुमने उन्हें धन्यवाद अवश्य दिया होगा।

मधु—मैं उन्हें धन्यवाद कैसे दूँ? वे बहुत दूर रहती हैं। वहाँ कोई फोन नहीं है।

शिक्षक—तुम उन्हें एक पत्र लिख सकती हो।

मधु—शिक्षक महोदय, मैं यह नहीं जानती हूँ कि पत्र कैसे लिखा जाता है। कृपया मुझे बताइए।

शिक्षक—बहुत अच्छा, आज हम लोग पत्र लिखना सीखेंगे। ध्यान दो बच्चों। देखो मैं श्यामपट्ट पर कैसे लिखता हूँ।

***Para* 3 : Teacher writes...............................your loving Madhu.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Postman (पोस्टमैन) = डाकिया, **bring** (ब्रिंग) = लाना, **yesterday** (यस्टर्डे) = बीता कल, **sent** (सेण्ट) = भेजा, **wanted** (वाण्टेड) = चाहते थे, **game** (गेम) = खेल, **best** (बेस्ट) = अच्छा, **proud** (प्राउड) = गर्व, **feel** (फील) = अनुभव, **love** (लव) = प्रेम, **loving** (लविंग) = प्यारी।

हिन्दी अनुवाद—(शिक्षक श्यामपट्ट पर लिखते हैं।)

F 21, महाबीर रोड
नई दिल्ली
जनवरी 20, 2009

मेरी प्यारी दादी माँ,

कल डाकिया द्वारा लाये पार्सल को देखकर मुझे बहुत खुशी हुई। क्रिकेट सेट जो आपने भेजा है उसकी मुझे बहुत जरूरत थी। जैसा आप जानती हैं, मैं अपने स्कूल की टीम की कप्तान हूँ। यह मुझे मेरे खेल का अभ्यास करने में बहुत सहायता करेगा। मेरे जन्मदिन पर मिले उपहारों में यह सबसे अच्छा उपहार है।

रविवार को इसे पार्क में अपने मित्रों के पास ले जाकर मुझे कितना गर्व होगा तथा मेरे पास क्रिकेट खेलने का अच्छा समय भी होगा। प्यार के साथ इस प्यारे उपहार के लिए आपको बहुत धन्यवाद।

आपकी प्यारी
मधु

***Para* 4 : Teacher......................................very happy.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Everyone (एवरीवन) = प्रत्येक कोई, **copy** (कॉपी) = नकल, **notebook** (नोटबुक) = उत्तर पुस्तिका, **send** (सेण्ड) = भेजा।

हिन्दी अनुवाद—शिक्षक—सभी लोग अपनी उत्तर पुस्तिका पर इसे उतार लो।

मधु—धन्यवाद शिक्षक महोदय, मैं एक पत्र लिखकर आज भेजूँगी।

शिक्षक—हाँ, तुम्हें ऐसा करना चाहिए। तुम्हारी दादी बहुत प्रसन्न होंगी।

- **Do you know. (क्या तुम जानते हो ?)**

1. एक क्रिकेट टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं।

Scanned by CamScanner

2. क्रिकेट मैच दो टीमों के बीच खेला जाता है।
3. गेंदबाज गेंद फेंकते हैं और बल्लेबाज रन बनाने के लिए गेंद को मारते हैं।
4. अम्पायर निर्णय देते हैं।

1. **Answer the following questions.** (निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए)—

Q. 1. What did Madhu get on her birthday?
(मधु को उसके जन्मदिन पर क्या मिला?)

Ans. Madhu get a cricket set as a birthday gift.
(मधु को एक क्रिकेट सेट जन्मदिन के उपहार के रूप में मिला।)

Q. 2. Who sent her the parcel?
(उसे किसने पार्सल भेजा था?)

Ans. Her grandmother sent the parcel.
(उसकी दादी ने एक पार्सल भेजा था।)

Q. 3. Which game does Madhu play at school?
(मधु स्कूल में कौन खेल खेलती थी?)

Ans. Madhu plays cricket at school.
(मधु स्कूल में क्रिकेट खेलती थी।)

Q. 4. Is the gift useful to her? Why?
(क्या उपहार उपयोगी था? क्यों?)

Ans. Yes, the gift is useful to her because she practice for perfection with it.
(हाँ, उपहार उसके लिए उपयोगी था क्योंकि इससे वह अभ्यास करके पूर्णता को प्राप्त कर सकती थी।)

Q. 5. Does Madhu thank her grandmother at first? Why?
(क्या मधु ने पहले अपनी दादी को धन्यवाद दिया? क्यों?)

Ans. Madhu does not thank her grandmother because she does not know how to write letter.
(मधु ने पहले दादी को धन्यवाद नहीं दिया क्योंकि उसे पत्र लिखना नहीं आता था।)

Q. 6. Who teaches Madhu to thank her grandmother? How?
(किसने मधु को दादी को धन्यवाद करना सिखाया? कैसे?)

Ans. Her teacher teaches to thank her grandmother. He write a letter on the blackboard.
(उसके शिक्षक ने मधु को दादी को धन्यवाद करना सिखाया। उन्होंने श्यामपट्ट पर एक पत्र लिखा।)

- **Word Power**

1. **Give at least four words you know beginning with the following letters.**
(निम्नलिखित शब्दों से आरम्भ होने वाले चार शब्द लिखो।)
b - Because, Banana, Birthday, Bowl.

Scanned by CamScanner

c - Cat, Cow, Cricket, Copy.
p - Parcel, Parrot, Practice, Perfection.
m - Mother, Master, Mango, Madhu.

2. पत्र लिखने के लिए आवश्यक चीजों की सूची बनाओ। इससे निम्नलिखित रिक्त स्थानों को भरकर तैयार करो।

1. Pen
2. Paper
3. Inland letter
4. Envelope
5. Stamp
6. Gum

Write a letter.

निम्नलिखित प्रकार से एक पत्र लिखो—

Ck. 15/32, Chowk
Varanasi

My dear friend,

I was so happy to the postman bring a parcel yesterday. The cricket set you have sent on Christmas is so beautiful. I am in need of a cricket set to practice my game.

I am the captain of my school team. It can help me in practicing and perfection of the game. It was a best Christmas gift presented by you.

How I proud to getting it. My friends and I also have a good time playing cricket. Thank you very much for this lovely gift. With love.

Your sincerely
Prakash

5 The Lazy Ones

***Para* 1 : Once upon..were lazy.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Once upon (वन्स अपॉन) = एक बार, **king** (किंग) = राजा, **lived** (लीव्ड) = रहता था, **palace** (पैलेस) = महल, **bank** (बैंक) = किनारे, **river** (रिवर) = नदी, **happy** (हैप्पी) = खुश, **because** (बिकाज) = क्योंकि, **people** (पीपुल) = लोग, **lazy** (लेजी) = आलसी।

हिन्दी अनुवाद—एक समय की बात है कि एक राजा नदी के किनारे महल में रहता था। वह राजा प्रसन्न नहीं था क्योंकि उसकी प्रजा आलसी थी।

***Para* 2 : Every time..very dirty.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Every (एवरी) = प्रत्येक, **went** (वेण्ट) = जाता था, **chariot** (चैरिऑट) = रथ, **saw** (सा) = देखता था, **stones** (स्टोन्स) = पत्थर, **rubbish** (रबिश) = धूल, **lying** (लाइंग) = पड़ी रहती थी, **road**

(रोड) = सड़क, **sailed** (सेल्ड) = नाव चलाकर जाना, **boat** (बोट) = नाव, **found** (फॉउण्ड) = पाना, **dirty** (डर्टी) = गन्दी।

हिन्दी अनुवाद—प्रायः वह अपने रथ पर बैठ कर बाहर जाता था, वह सड़क पर पड़े पत्थर तथा धूल देखता था। वह नदी में नाव पर जब जाता था तो नदी उसे बहुत गन्दी दीखती थी।

***Para* 3 : Alas!....................................over the pit.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Moaned (मोन्ड) = आह भरना, **keep** (कीप) = रखना, **clean** (क्लीन) = साफ, **thought** (थाट) = सोचता था, **while** (ह्वाइल) = कुछ समय, **said** (सेड) = कहा, **teach** (टीच) = सिखाना, **lesson** (लेसन) = शिक्षा, **night** (नाइट) = रात में, **took** (टुक) = ले गया, **bag** (बैग) = झोला, **gold** (गोल्ड) = सोना, **main road** (मेन रोड) = मुख्य सड़क, **vizier** (विजिअर) = वजीर, मंत्री; **pit** (पिट) = गड्ढा, **middle** (मिडिल) = बीच में, **put** (पुट) = रखा, **rolled** (रोल्ड) = लुढ़काकर, **over** (ओवर) = ऊपर।

हिन्दी अनुवाद—राजा ने आह भर कर सोचा, मेरी प्रजा इतनी आलसी क्यों है? वे सड़कों को साफ क्यों नहीं रखते हैं? उसने कुछ समय सोचा तथा बोला, मैं इन्हें शिक्षा दूँगा। एक रात उसने सोने से भरा एक झोला लिया तथा मुख्य सड़क पर गया। उसके मंत्री भी उसके साथ थे। उसने सड़क के बीच में एक गड्ढा देखा। उसने सोना उसमें रख दिया। तब राजा तथा उसके वजीर ने एक बड़ा पत्थर लुढ़का कर उसके ऊपर रख दिया।

***Para* 4 : Next day......................................the stone.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Next (नेक्स्ट) = दूसरे, **came** (केम) = आया, **cart** (कार्ट) = बैलगाड़ी, **full** (फुल) = भरी, **coal** (कोल) = कोयला, **worried** (वरीड) = चिंतित हुआ, **drove** (ड्रोव) = चलाया, **round** (राउण्ड) = चारों ओर, बगल से।

हिन्दी अनुवाद—दूसरे दिन एक आदमी अपनी बैलगाड़ी से उस रास्ते पर आया जो कोयले से भरी थी। उसने सड़क के बीच में एक बड़ा पत्थर देखा। लेकिन उसने इसकी चिन्ता नहीं की तथा पत्थर के बगल से गाड़ी ले गया।

***Para* 5 : Then a second................................side of the stone.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Then (देन) = तब, **second** (सेकेण्ड) = दूसरा, **flock** (फ्लॉक) = समूह, **sheep** (शीप) = भेड़, **goat** (गोट) = बकरी।

हिन्दी अनुवाद—तब एक दूसरा आदमी अपनी बकरियों तथा भेड़ों के झुण्ड के साथ आया। उसने भी पत्थर की चिन्ता नहीं की तथा पत्थर के दूसरी तरफ से अपना झुण्ड ले गया।

***Para* 6 : Many other persons...........................with surprise.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Person (पर्सन) = लोग, **passed** (पास्ड) = गुजरे, **push** (पुश) = धकेला, **cloak** (क्लोक) = लम्बा कोट, **remove** (रिमूव) = हटाया, **rubbed** (रब्ड) = रगड़ा, **eyes** (आइज) = आँखें, **surprise** (सरप्राइज) = आश्चर्य।

Scanned by CamScanner

हिन्दी अनुवाद—उसी रास्ते पर कई अन्य लोग भी गुजरे। वे सभी इतने आलसी थे कि उन्होंने पत्थर नहीं हटाया। राजा ने अपने आदमियों को वहाँ बुलाया, अपना कोट उतारा तथा बोला, आओ अपने कोट उतारो। हम लोग इस पत्थर को दूर हटा दें। जब उन्होंने पत्थर हटाया, उन्हें सोना दिखाई पड़ा। उन्होंने आश्चर्य से अपनी आँखें रगड़ीं।

***Para* 7 : Take the gold..................................sorry too.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Take (टेक) = लेना, **turning** (टर्निंग) = मुड़ते हुए, **remove** (रिमूव) = हटाना, **deserves** (डिजर्व्स) = योग्य होना, **active** (ऐक्टिव) = सक्रिय, **present** (प्रेजेण्ट) = उपस्थित, **felt** (फेल्ट) = अनुभव किया, **ashamed** (अशेम्ड) = शर्मिन्दा।

हिन्दी अनुवाद—राजा ने अपने वजीर से कहा—"इस सोने को मेरे महल में ले चलो।" प्रजा की ओर मुड़ते हुए उसने कहा—"सोना वहाँ था लेकिन तुमने पत्थर हटाने में आलस्य किया इसलिए कोई भी इस सोने को लेने के योग्य नहीं है। यदि तुम सक्रिय होते और पत्थर हटाते तो यह सोना तुम्हारा हो सकता था।" वहाँ उपस्थित सभी लोग शर्मिन्दा तथा दुःखी हुए।

1. Answer the following questions. (निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए)—

Q. 1. Where did the king live?
(राजा कहाँ रहता था?)

Ans. The king lived in a palace on the bank of river.
(राजा नदी के किनारे महल में रहता था।)

Q. 2. Why was he sad?
(वह दुःखी क्यों था?)

Ans. He was sad because his people were lazy.
(वह दुःखी था क्योंकि उसकी प्रजा आलसी थी।)

Q. 3. What did he see every time he went out in his chariot?
(वह अपने रथ पर जाते समय हमेशा क्या देखता था?)

Ans. He saw stones and dust on the road when he went out on his chariot.
(जब वह अपने रथ पर जाता था तो वह सड़क पर पत्थर तथा धूल देखता था।)

Q. 4. What did he want to do with the people?
(वह अपनी प्रजा के साथ क्या करना चाहता था?)

Ans. He want to teach a lesson to his people to make them active.
(वह अपनी प्रजा को सक्रिय बनाने के लिए उन्हें शिक्षा देना चाहता था।)

Q. 5. Where did he put the bag of gold?
(उसने सोने का झोला कहाँ रखा?)

Ans. He put the bag of gold in a pit.
(उसने गड्ढे में सोने का झोला रखा।)

Q. 6. Who rolled a big stone over the pit?
(किसने गड्ढे पर पत्थर लुढ़का कर रखा?)

Ans. The king and his vizier rolled the stone over the pit.
(राजा तथा उसके वजीर ने पत्थर गड्ढे पर लुढ़का कर रखा।)

Scanned by CamScanner

Q. 7. How did the man drive his cart?
(आदमी ने अपनी बैलगाड़ी कैसे निकाली ?)

Ans. The man drove his cart round the stone.
(आदमी ने अपनी गाड़ी पत्थर के बगल से निकाली।)

Q. 8. Why did people not push the stone away?
(लोगों ने पत्थर को क्यों नहीं हटाया ?)

Ans. The people were lazy. So they did not push the stone away.
(लोग आलसी थे इसलिए उन्होंने पत्थर को नहीं ढकेला।)

• Word Power

I. Write True/False for the given statements :
दिए गए वाक्यों में सही / गलत बताइये—

(1) The king lived in a palace. (✓)
(2) He was not a happy king. (✓)
(3) His people were not lazy. (×)
(4) The king wanted to teach the people a lesson. (✓)
(5) The king gave the gold to the people. (×)
(6) The man saw the big stone in the middle of the road. (✓)

II. दिए गए विशेषणों के साथ उपयुक्त संज्ञा पाठ के आधार पर लिखिए—

1. A happy - **man**
2. The left - **hand**
3. A dirty - **road**
4. A lazy - **people**
5. A shining - **stars**
6. A clean - **cloth**
7. The right - **leg**
8. The main - **switch**
9. A big - **stone**

III. चित्र देखकर उनकी अनुभूतियों तथा भावनाओं को लिखिये—

1. Happy
2. Sad
3. Proud
4. Surprised
5. Angry
6. Worried

• Language Practice (भाषा अभ्यास)

सही शब्दों को चुनिये तथा गलत शब्दों को काट दीजिए—

1. We went in a boat **along** (~~on~~ along) the bank of the river.
2. When the king went out in his **chariot** (~~Cloak~~, chariot), he saw stones and rubbish on the road.
3. Before going into the temple, people had to **remove** (~~move~~, remove) their shoes.
4. The mother bird will be sad of the baby birds are taken **away** (~~of~~, away) from the nest.

दी हुई क्रिया के Past tense के आधार पर Present tense के रूप लिखो।

Past	**Present**	**Past**	**Present**
Lived	Live	Rolled	Roll

Scanned by CamScanner

Went	Go	Came	Come
Sailed	Sail	Worried	Worry
Found	Find	Drove	Drive
Moaned	Moan	Passed	Pass
Thought	Think	Called	Call
Took	Take	Rubbed	Rub
Saw	See		

6 Make Me A Promise Dad

Stanza **1 : Make me..helmet.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Make (मेक) = बनाना, **promise** (प्रॉमिस) = वायदा, **dad** (डैड) = पिताजी, **said** (सेड) = कहा, **little** (लिट्टिल) = छोटा, **lad** (लैड) = लड़का, **driving** (ड्राइविंग) = गाड़ी चलाना, **put on** (पुट ऑन) = पहनना, **seat** (सीट) = कुर्सी, **belt** (बेल्ट) = पट्टा, **riding** (राइडिंग) = चलाना, **forget** (फॉरगेट) = भूलना, **helmet** (हेलमेट) = गाड़ी चलाते समय सिर पर पहनने वाला आवरण।

हिन्दी अनुवाद—"पिताजी मुझसे वायदा कीजिए" एक छोटा बालक अपने पिता से कहता है। कार चलाते समय आप अपनी कुर्सी का पट्टा बाँधे रहेंगे तथा जब स्कूटर चलाते हैं तो हेलमेट जरूर पहनेंगे।

Stanza **2 : Though you......................................back home.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Though (दो) = यद्यपि, **all** (आल) = सभी, **move** (मूव) = जाना, **never** (नेवर) = कभी नहीं, **use** (यूज) = प्रयोग करना, **answer** (आन्सर) = उत्तर देना, **mobile** (मोबाइल) = फोन, **mind** (माइण्ड) = ध्यान देना, **matter** (मैटर) = मामला, **work** (वर्क) = कार्य, **roam** (रोम) = घूमना, **want** (वाण्ट) = चाहना, **back** (बैक) = वापस, **home** (होम) = घर।

हिन्दी अनुवाद—आप जब कहीं जाते हैं तो आपके पास सभी चीजें होती हैं। गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन पर बात मत कीजिए। मैं आपसे जो कह रहा हूँ उसका बुरा मत मानिए। इससे कोई मतलब नहीं है कि आप काम पर जा रहे हैं अथवा घूमने जा रहे हैं। मैं यह चाहता हूँ कि पिताजी आप घर वापस सुरक्षित आ जाइए।

1. Answer the following questions (निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए)—

Q. 1. Who asked whom to make a promise?
(किसने किससे वायदा लिया था?)

Ans. A little boy asked to his father to make a promise.
(एक छोटा लड़का अपने पिता से वायदा ले रहा था।)

Q. 2. What should you do while driving a car?
(जब आप कार चला रहे हों तो आप क्या करेंगे?)

Ans. We should used seat belt while driving a car.
(जब हम कार चलाते हैं तो सीट का पट्टा प्रयोग करते हैं।)

Scanned by CamScanner

Q. 3. What should you do while riding a scooter?
(जब आप स्कूटर चलाते हैं तो आप क्या करेंगे ?)

Ans. We should used helmet while riding a scooter.
(हमें स्कूटर चलाते समय हेलमेट पहनना चाहिए।)

Q. 4. What does a boy say about the mobile to his dad?
(लड़का अपने पिता से मोबाइल के बारे में क्या कहता है ?)

Ans. The boy says to the father do not use mobile while he drive a car or scooter.
(लड़का अपने पिता से कहता है कि कार या स्कूटर चलाते समय मोबाइल प्रयोग नहीं करना चाहिए।)

Q. 5. Do you love your father? What do you do for him?
(क्या तुम अपने पिता से प्रेम करते हो ? उनके लिए तुम क्या करते हो ?)

Ans. We love our father very much. We alert our father while he go out.
(हम अपने पिता से बहुत प्रेम करते हैं। हम उन्हें बाहर जाते समय सावधान करते हैं।)

- **Word Power**

रिक्त स्थानों में दिए हुए शब्दों में से सही शब्द भरिये—

safe, mobile, dad, helmet, seat belt.

A Lad asks his **dad** to make a promise. He tells him to put his **seat belt** while driving a car and not to forgot his **helmet** while riding a scooter. The lad also wants his dad not to answer the **mobile** while moving. The child says all these to his dad because he wants his dad to be **safe** back home.

- **Language Practice (भाषा अभ्यास)**

Adding 'ing' and write (जोड़कर लिखो)—

1. Reena is **eating**. (eat)
2. Children are **playing**. (play)
3. Father is **going** (go) to office.
4. I am **reading** (read) a story book.
5. Students are **standing** (stand) for the prayer.

संकेत तथा उनके अर्थ—

1. सड़क को जेब्रा क्रॉसिंग से पार करो।
2. आगे रेलवे क्रॉसिंग है।
3. आगे जाना मना है।
4. लाल (रुको)
   पीला (तैयार रहो)
   हरा (चलो)

यातायात संकेतों का पालन करो।

Scanned by CamScanner

7 The Proud Stag

Para **1 : Once in..a pond.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Beautiful (ब्यूटीफुल) = सुन्दर, **forest** (फॉरेस्ट) = जंगल, **lived** (लिव्ड) = रहता था, **stag** (स्टैग) = बारासिंहा, **lovely** (लवली) = प्यारा, **pair** (पेयर) = जोड़ा, **horns** (हॉर्न्स) = सींग, **proud** (प्राउड) = गर्व, **admire** (एडमायर) = सराहना करना, **reflection** (रिफ्लेक्शन) = प्रतिबिम्ब, **pond** (पॉण्ड) = तालाब।

हिन्दी अनुवाद—एक बार आन्ध्र प्रदेश के एक सुन्दर जंगल में एक बारासिंहा रहता था। उसके पास एक जोड़ा सुन्दर सींग थे। उसे अपने सींगों पर बहुत गर्व था। वह तालाब के पानी में अपने प्रतिबिम्ब को देखकर अपने सींगों की सराहना किया करता था।

Para **2 : But he..were around.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—But (बट) = लेकिन, **ashamed** (अशेम्ड) = शर्मिन्दा होना, **thin** (थिन) = पतला, **ugly** (अग्ली) = भद्दा, **legs** (लेग्स) = पैरों, **drinking** (ड्रिंकिंग) = पानी पीना, **water** (वाटर) = पानी, **heard** (हर्ड) = सुना, **few** (फ्यू) = कुछ, **dogs** (डाग्स) = कुत्ते, **barking** (बार्किंग) = भौंकते थे, **knew** (न्यू) = जानते थे, **hunters** (हन्टर्स) = शिकारी, **around** (एराउण्ड) = चारों ओर।

हिन्दी अनुवाद—लेकिन उसे अपनी पतली टाँगों पर शर्म आती थी। एक दिन जब बारासिंहा तालाब में पानी पी रहा था तो उसने कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनी। वह जानता था कि उसके चारों ओर शिकारी थे।

Para **3 : He runs..dry branches.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Ran (रैन) = भागा, **life** (लाइफ) = जीवन, **hide** (हाइड) = छिपना, **somewhere** (समह्वेयर) = कहीं भी, **fright** (फ्राइट) = डर, **stambled** (स्टैम्बुल्ड) = लड़खड़ाया, **entangled** (इन्टेंगिल्ड) = फँस गया, **dry** (ड्राई) = सूखा, **branches** (ब्रान्चेज) = शाखाओं।

हिन्दी अनुवाद—अपना जीवन बचाने के लिए वह भागा। उसने सोचा कि मुझे कहीं छिप जाना चाहिए। डर के मारे बारासिंहा लड़खड़ाया तथा उसके सींग सूखी शाखाओं में फँस गई।

Para **4 : He tried..carry him.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Tried (ट्राइड) = प्रयास किया, **free** (फ्री) = स्वतंत्र, **himself** (हिमसेल्फ) = अपने आपको, **reached** (रीच्ड) = पहुँच गये, **harder** (हार्डर) = कठिन प्रयास, **hurt** (हर्ट) = घायल, **at last** (एट लास्ट) = अन्त में, **great** (ग्रेट) = बड़ी, **difficulty** (डिफिकल्टी) = परेशानी, **as fast as** (एज फास्ट एज) = जितना तेज हो सके, **carry** (कैरी) = ले जाना।

हिन्दी अनुवाद—उसने अपने आपको स्वतंत्र कराने के लिए कठोर प्रयास किया

लेकिन कुत्ते उस तक पहुँच गये। उसने फिर से कठोर प्रयास किया और अपनी सींगों को तोड़ दिया। अन्त में बड़ी परेशानी के बाद उसने अपने आपको शाखाओं से मुक्त किया। उसकी टाँगें जितनी तेजी से उसे ले जा सकती थीं उतनी तेजी से वह भागा।

1. **Answer the following questions** (निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए)—

Q. 1. Where did the stag live?
(बारासिंहा कहाँ रहता था?)

Ans. The stag lived in a beautiful forest of Andhra Pradesh.
(बारासिंहा आन्ध्र प्रदेश के एक सुन्दर वन में रहता था।)

Q. 2. What was the stag proud of?
(बारासिंहा को किस पर गर्व था?)

Ans. The stag was proud of his horns.
(बारासिहा को अपनी सींग पर गर्व था।)

Q. 3. Why was the stag ashamed of his legs?
(बारासिंहा को अपनी टाँगों पर शर्म क्यों आती थी?)

Ans. His legs was thin and ugly. So he ashamed of his legs.
(उसकी टाँगें पतली तथा भद्दी थीं इसलिए उसे अपनी टाँगों पर शर्म आती थी।)

Q. 4. Why did the stag run for his life?
(बारासिंहा अपने जीवन को बचाने के लिए क्यों भागा?)

Ans. The stag knew the hunter were around him. So he ran for his life.
(बारासिंहा जानता था कि उसके चारों ओर शिकारी हैं इसलिए अपना जीवन बचाने के लिए भागा।)

Q. 5. How did his horn get entangled in the branches?
(उसके सींग शाखाओं में कैसे फँसे?)

Ans. The stag frightened and stambled so his horn entangled in branches.
(बारासिंहा भयभीत था और लड़खड़ा गया इसलिए उसके सींग शाखाओं में फँस गये।)

Q. 6. What does the stag say about his horns and legs?
(बारासिंहा अपने सींगों तथा टाँगों के बारे में क्या कहता था?)

Ans. The stag admire his horns but ashamed of his thin and ugly legs.
(बारासिंहा अपनी सींगों की प्रशंसा किया करता था, परन्तु अपनी पतली व भद्दी टाँगों पर शर्मिन्दा था।)

Q. 7. What moral do you get from this story?
(इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है?)

Ans. We never ashamed with any inferiority.
(हमें अपनी किसी भी कमी के लिए शर्मिन्दा नहीं होना चाहिए।)

Scanned by CamScanner

- **Word Power**

नीचे दिये गए शब्दों को सही स्तम्भ में रखिये।

Plants	Animals	Birds
fruit leaf stem root seed	tail horns ears paws	feathers beak wings claws

- **Language Practice (भाषा अभ्यास)**

तिरछे शब्दों का विलोम रिक्त स्थानों में भरो—

1. The stag had *beautiful* horns but **ugly** legs.
2. The legs were not *thin*. They were **fat**.
3. His legs saved his *life*. He did not face **death**.
4. He was *proud* of his horns and **ashamed** of his legs.

- **Let's write for fun**

नीचे दिए गए प्रश्नों की सहायता से कहानी पूरी कीजिए—

Once there was a stag. He was proud of his horns. He did not like his legs because his legs were thin and ugly. One day when he was drinking water, he heard dog's barking. He runs for his life, but his horn entangled in the branches. He tried harder and freed himself. His legs helped him. In the end he feel ashamed of his legs but it helped.

■

8 Know Your Country

***Para* 1 : Ajay and Puja..to the radio.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Listening (लिसनिंग) = सुन रहे, **grandmother** (ग्रैण्डमदर) = दादी, **enters** (इण्टरर्स) = प्रवेश करती है, **room** (रूम) = कमरा, **good morning** (गुड मार्निंग) = सुबह का नमस्कार, **children** (चिल्ड्रेन) = बच्चे, **busy** (बिजी) = व्यस्त, **doing** (डूइंग) = कर रहे, **anything** (एनीथिंग) = कुछ भी, **particular** (पार्टीकुलर) = विशेष।

हिन्दी अनुवाद—(अजय तथा पूजा रेडियो सुन रहे थे। उनकी दादी कमरे में प्रवेश करती हैं।)

अजय तथा पूजा—सुबह का नमस्कार, दादीजी।

दादी—सुबह का नमस्कार बच्चे, क्या तुम बहुत व्यस्त हो?

अजय—नहीं दादीजी। हम लोग कुछ विशेष नहीं कर रहे हैं। हम रेडियो सुन रहे हैं।

Scanned by CamScanner

Para 2 : **Grandmother...it dance.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Know (नो) = जानना, **country** (कण्ट्री) = देश, **good** (गुड) = अच्छा, **great** (ग्रेट) = महान, **nation** (नेशन) = राष्ट्र, **national animal** (नेशनल एनिमल) = राष्ट्रीय पशु, **tiger** (टाइगर) = बाघ, **national bird** (नेशनल बर्ड) = राष्ट्रीय पक्षी, **peacock** (पीकॉक) = मोर, **beautiful** (ब्यूटीफूल) = सुन्दर, **like** (लाइक) = पसन्द, **when** (ह्वेन) = जब या कब, **dance** (डान्स) = नाचना।

हिन्दी अनुवाद—दादी—कौन-सा कार्यक्रम है?

पूजा—अपने देश भारत के बारे में जानिये।

दादी—यह बहुत अच्छा है। भारत एक महान राष्ट्र है। क्या तुम हमारे राष्ट्रीय पशु का नाम जानते हो?

पूजा—हाँ दादी। बाघ हमारा राष्ट्रीय पशु है।

दादी—क्या तुम राष्ट्रीय पक्षी का नाम बता सकते हो?

अजय—हाँ, मोर हमारा राष्ट्रीय पक्षी है।

पूजा—मोर एक सुन्दर पक्षी है। क्या नहीं है? मुझे मोर नाचते हुए बहुत पसन्द है या जब मोर नाचता है तो मुझे अच्छा लगता है।

Para 3 : **Grand mother : Did they tell..............three minutes.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—National flower (नेशनल फ्लॉवर) = राष्ट्रीय पुष्प, **name** (नेम) = नाम, **lotus** (लोटस) = कमल, **wait** (वेट) = प्रतीक्षा करना, **few** (फ्यू) = कुछ, **please** (प्लीज) = कृपया, **telling** (टेलिंग) = कह रहा, **national flag** (नेशनल फ्लैग) = राष्ट्रीय ध्वज, **silence** (साइलेन्स) = शान्ति।

हिन्दी अनुवाद—दादी—क्या तुम राष्ट्रीय फूल का नाम बता सकते हो?

पूजा—हाँ, यह कमल है।

(वह कुछ सेकण्ड तक प्रतीक्षा करने के बाद बोली)

कृपया दादी कुछ मिनट। रेडियो सुनती हैं। वे लोग राष्ट्रीय ध्वज के बारे में बता रहे हैं।

(वे रेडियो सुनने लगे। दो-तीन मिनट के लिए शान्ति हो गयी।)

Para 4 : **Ajay—grandmother.............................at the bottom.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Three (थ्री) = तीन, **colour** (कलर) = रंग, **saffron** (सैफ्रॉन) = केसरिया, **white** (ह्वाइट) = सफेद, **green** (ग्रीन) = हरा, **stands** (स्टैण्ड्स) = अर्थ, **sacrifice** (सैक्रिफाइज) = त्याग, **peace** (पीस) = शान्ति, **prosperity** (प्रॉस्पेरिटी) = समृद्धि, **honour** (आनर) = सम्मान, **strip** (स्ट्रिप) = पट्टियाँ, **blue** (ब्लू) = नीला, **middle** (मिडिल) = बीच में, **top** (टॉप) = सबसे ऊपर, **bottom** (बॉटम) = सबसे नीचे।

हिन्दी अनुवाद—अजय—हमारे राष्ट्रीय ध्वज में तीन रंग होते हैं—केसरिया, सफेद तथा हरा।

दादी—हाँ, क्या तुम यह जानते हो कि इन रंगों का अर्थ क्या है? केसरिया का

Scanned by CamScanner

अर्थ त्याग है। सफेद शान्ति के लिए तथा हरा समृद्धि के लिए प्रयोग किया गया है। हमें अपने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए।

पूजा— तथा सफेद पट्टी पर अशोक चक्र है। यह नीले रंग का है। सफेद पट्टी बीच में होती है।

अजय—हाँ, केसरिया सबसे ऊपर तथा हरा सबसे नीचे होता है।

***Para* 5 : Puja—Did you...................................Mother Teresa.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—More about (मोर एबाउट) = बहुत कुछ, **tomorrow** (टुमॉरो) = आने वाला कल, **old** (ओल्ड) = पुराना।

हिन्दी अनुवाद—पूजा—दादी, क्या आपको यह कार्यक्रम पसन्द आया?

दादी—हाँ, पसन्द आया।

पूजा—दादी, कल वे हमें अपने देश के बारे में बहुत कुछ बतायेंगे।

दादी—यह बहुत अच्छा है। हमारा देश महान है। यह एक प्राचीन देश है। यह बुद्ध, नानक, महावीर, अकबर, महात्मा गाँधी तथा मदर टेरेसा का देश है।

***Para* 6 : Ajay and Puja...to sleep.**

कठिन शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ—Love (लव) = प्रेम करना, **proud** (प्राउड) = गर्व, **good night** (गुड नाइट) = रात का नमस्कार, **goes** (गोज) = जाती है, **switch off** (स्विच ऑफ) = बन्द करना, **sleep** (स्लीप) = सोना।

हिन्दी अनुवाद—अजय तथा पूजा—हमें अपने देश से प्रेम है। हमें इस पर गर्व है।

दादी—तब बोलो 'जयहिन्द'।

अजय तथा पूजा—'जय हिन्द'।

दादी—धन्यवाद बच्चों, रात्रि का नमस्कार।

(दादी अपने कमरे में जाती हैं। अजय तथा पूजा रेडियो बन्द कर सोने चले जाते हैं।)

1. **Answer the following questions** (निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए)—

Q. 1. What programme were Ajay and Puja listening to?
(अजय तथा पूजा कौन-सा कार्यक्रम सुन रहे थे?)

Ans. Ajay and Puja are listening 'Know your country India.'
